हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 17 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

10 कन्याओं को भोजन खिलाकर श्रद्धालुओं ने व्रत किया समाप्त



10 अर्थव्यवस्था के विकास के लिए उद्यमियों की जरूरत



## खबर संक्षेप

### 455 ग्राम अफीम के साथ बाइक सवार काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने गांव धमतान सहिब के खरल रोड पर बाइक सवार युवक को काबू कर उसके कब्जे से 455 ग्राम अफीम बरामद की है। गढ़ी थाना पुलिस ने पकडे.गए युवक के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कैथल।** गांव प्योदा में एक कार चालक ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव खेड़ी शेरू निवासी खुशी राम ने तितरम थाना में शिकायत दी कि छह मार्च को शाम के समय वह मोटरसाइकिल पर गांव प्योदा के पास से जा रहा था। वहां अज्ञात कार चालक ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया।

### गाड़ी चालक पर हमला नौ के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव पिंडारा पूल के निकट कार व बाइक सवार युवकों ने गाड़ी चालक पर हमला कर घायल कर दिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने घायल चालक की शिकायत पर एक व्यक्ति को नामजद कर आठ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव दनौदा कलां निवासी अमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गाड़ी लेकर गांव पिंडारा की तरफ जा रहा था।

### कलायत अनाज मंडी से चौदह कट्टे गेहूं चोरी

**कैथल।** कलायत अनाज मंडी से चोर रात के समय 14 कट्टे गेहूं चोरी कर ले गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कलायत के कर्मवीर सिंह ने पुलिस को शिकायत दी कि 14 अप्रैल को अज्ञात आरोपी अनाज मंडी स्थित दुकान के सामने से 14 कट्टे गेहूं चोरी कर ले गए। जांच अधिकारी मंजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पूजा के लिए निकली महिला संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** गांव खरकभूरा से बनभौरी मंदिर में पूजा अर्चना के लिए घर से निकली महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर उचाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव खरकभूरा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी घर से बनभौरी मंदिर में पूजा अर्चना के लिए निकली थी।

### मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

**कैथल।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के अलग-अलग मामलों में 20 व्यक्तियों को नामजद किया है। पहले मामले में गांव दाबनखेड़ी की गुरजीत कौर ने गुहला थाना में शिकायत दी कि 15 अप्रैल को आरोपी मलकीत व उसकी पत्नी सुखविंद्र कौर ने उसे ईंटों से चोटें मारकर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी।

### दो स्थानों पर टूटे ताले इंवर्टर और बैटरी चोरी

**जींद।** जिले में चोरों ने सीएससी तथा दुकान का ताला तोड़ कर इन्वर्टर बैटरी, नगदी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पटेल नगर नरवाना निवासी मलकीत ने पुलिस को शिकायत दी है।

### शादी का झांसा देकर किशोरी को भगाया

**कैथल।** शहर की एक कॉलोनी से एक आरोपी 16 वर्षीय किशोरी को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी कि 12 अप्रैल को सुबह आरोपी शीपी उसकी 16 वर्षीय बेटी को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले गया।

# प्रतिभा ने 356वां, डीएसपी की ट्रेनिंग ले रहे साहिल ने 729वां रैंक हासिल किया

## प्रतिभा के गांव जुलानी में जश्न का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लक्ष्य को पाने का जनून होना चाहिए, वही जनून सपने को साकार करता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है मूलतः गांव जुलानी हाल आबाद गुरूग्राम निवासी प्रतिभा सहारण ने। जिसने दूसरे प्रयास में यूपीएससी की परीक्षा में 356वां रैक प्राप्त किया है। प्रतिभा की उपलब्ध से जुलानी मे जश्न का माहौल है। जुलानी निवासी प्रतिभा के दादा मास्टर स्व. धन का अपना नाम तथा इलाके मे रसूक रहा है। पिता जवाहर सिंह दिल्ली पुलिस में एएसआई हैं। जबकि माता संतोष स्वास्थ्य विभाग गुरूग्राम में कर्मियों की ट्रेनर है। बड़ा भाई मनदीप विदेश मंत्रालय में कार्यरत है। जुलानी में पैदा हुई प्रतिभा ने पांचवीं तक जींद के आर्दश विद्या मंदिर में तो नौंवी तक की पढ़ाई इंडस स्कूल से पास की। जिसके बाद परिवार गुरूग्राम मे शिफ्ट हो गया। केवल कृष्ण जुलानी ने बताया कि प्रतिभा ने परीक्षा में 356वां रैंक हासिल किया है।



## कैथल के शुभम सिंगला ने पास की यूपीएससी की परीक्षा

**सूरज सहारण. कैथल।** हूडा सेक्टर 19 के शुभम सिंगला ने यूपीएससी की परीक्षा 420वां रैंक हासिल किया है। दूसरा प्रयास था। इससे पहले शुभम ने वर्ष 2022 में पहली बार परीक्षा दी थी, लेकिन वह सफल नहीं हो पाया है। खास बात ये भी है कि शुभम ने ये मुकाम नौकरी के साथ-साथ पाया है। शुभम की सफलता से परिवार के लोगों में खुशी का माहौल है। शुभम के पिता तिलक राज सिंगला व माता सरकारी स्कूल के रिटायर्ड अध्यापक हैं। परिवार में बड़े भाई और बहन हैं, जो दिल्ली में रहते हैं। बड़े भाई भी आइटी सेक्टर में नौकरी करते हैं। जबकि भाभी गृह विभाग दिल्ली में कार्यरत हैं। शुभम का कहना है उनका अब केवल देश की सेवा करना ही लक्ष्य है। इसलिए अब वे और खूब मेहनत करेंगे। उसने बताया कि वे पहले डाटा एनालसिस के पद पर नौकरी करते थे। शुभम ने बताया कि उनका बचपन से ही सपना देश सेवा करने का था। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा कैथल के आरकेएसडी स्कूल में पढ़ाई की। इसके बाद आईआईटी दिल्ली में कोचिंग ली। फिर दिल्ली में एक इंजीनियरिंग कॉलेज से ग्रेजुएशन की। ग्रेजुएशन पूरी होने के बाद मुंबई में नौकरी की। 2020 में नौकरी छोड़कर यूपीएससी तैयारी शुरू की। इसके बाद 2022 में पहली बार परीक्षा दी, लेकिन सफल नहीं हो पाया था।



**जींद।** नरवाना के रहने वाले साहिल ढिल्लों का आईएएस में चयन हुआ है। मंगलवार को जारी किए गए रिजल्ट में साहिल ढिल्लों को 729वां रेंक मिला है। साहिल फिलहाल हरियाणा पुलिस में डीएसपी की मधुबन ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग ले रहे हैं। इससे पहले भी उनका चयन एक्साइज अधिकारी के रुप में हो गया था लेकिन 2023 में डीएसपी के रुप में चयन हुआ था। एक्साइज से ज्यादा साहिल ने पुलिस अधिकारी बनना ज्यादा पसंद किया। अब उनका आईएएस में चयन होने पर परिवार में खुशी का माहौल है। साहिल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नरवाना के एसडी स्कूल से पूरी की थी। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई की। इसके बाद 29 वर्षीय साहिल ढिल्लों ने यूपीएससी की तैयारी शुरू की। 2022 में साहिल ढिल्लों का चयन एक्साइज विभाग में अधिकारी के रुप में हो गया। उन्होंने एक्साइज विभाग में ड्यूटी 'वायन नही की। 2023 में साहिल ढिल्लों का चयन हरियाणा पुलिस में डीएसपी के रुप में हो गया। साहिल ढिल्लो ने एक्साइज विभाग की बजाय पुलिस विभाग में जाना ज्यादा बेहतर समझा और मधुबन स्थित पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में अपनी ट्रेनिंग शुरू कर दी।





कैथल। पालिका आयुक्त को ज्ञापन सौपते कर्मचारी। फोटो:हरिभूमि

# नपा कर्मियों ने आयुक्त कार्यालय पर दिया धरना

## प्रदर्शन कर आंदोलन का नोटिस दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने डोर टू डोर कर्मचारियो की लंबित मांगों को लेकर मंगलवार लेकर जिला पालिका आयुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए हड़ताल का नोटिस दिया गया। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान गौरव टांक ने व संचालन जिला सचिव विक्की टांक ने किया। प्रदर्शन मे कैथल,चीका,पूंडरी,सीवन, राजौंद व कलयात के पद अधिकारियो व कर्मचारियों ने भाग लिया।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान शिवचरण,जिला सचिव रामपाल शर्मा ,नगरपालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान गौरव टांक, जिला सचिव विक्की टॉक,ब्लॉक प्रधान बिट्टू बहोत ने कहा ठेकेदार के शोषण व तुगलकी फरमानों के विरोध में व जायेज मांगो को लेकर पहले भी कई बार जिला पालिका आयुक्त को लिखित मे ज्ञापन दे चुके हैं। 24 जनवरी को उनके कार्यालय पर ठेकेदार प्रतिनिधियो ने एजेंसी के लैटर पैड पर सभी मांगों को जायज मानते हुए 15-दिनो मे पूरा करने का ठोस आश्वासन दिया था। इसके बावजूद अधिकारी व ठेकेदार कर्मचारियो की जायज मागो को पूरा ना करके आना कानी कर रहे हैं। इस कारण कर्मचारियों में भारी रोष है। मंगलवार को सभी ब्लॉको के सचिवो को नोटिस देकर 17 अप्रैल तक बातचीत करके मुख्य मांगो के समाधान का समय दिया गया है। यदि समाधान नहीं हुआ तो 18 अप्रैल से जोरदार अनदोलन किया जायेगा जिसक सारी जिम्मेदारी राज्य सरकार व जिला प्रशासन की होगी। इस अवसर पर नगरपालिका कर्मचारी संघ से धर्मेन्द्र कुमार, रवि कल्याण, रामदेव,सन्नी कागडा, रवि, राजौंद से संदीप कुमार, रोहतास, बंटी, कृष्ण कुमार, सीवन से सन्तोष रानी, दर्शन, धर्मपाल सिह, पुंडरी से बालकिशन, विक्की व अन्य। कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित वाहन पॉलिसी की बैठक

# प्राइवेट स्कूल करें सभी मापदंड पूरे, वरना सख्त कारवाई: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने प्राईवेट स्कूल एसोसियेशन से कहा कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूली वाहनों के लिए सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी सरकार द्वारा बनाई गई है। इसके तहत बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूली वाहनों में जरूरी उपकरण और अन्य व्यवस्थाएं होना जरूरी है। उन्होंने सभी प्राइवेट शिक्षण संस्थानों के संचालकों को निर्देश दिए कि वे स्कूली वाहनों में सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना करें, आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। किसी भी स्कूल के संचालक को नियमों की अवहेलना करने की छूट नही है। उपायुक्त ने यह निर्देश मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित वाहन पॉलिसी बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को दिए। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सड़कों पर जितने भी मैन हॉल के ढक्कन टूटे व खुले हुए हैं या सड़कें कहीं से टूटी हुई हैं, उन्हें तुरंत ठीक करवाना सुनिश्चित करें ताकि जिला में दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। अगर कोई अधिकारी इन आदेशों की अवेलहना करता है और उसकी वजह से कोई दुर्घटना घटती है तो संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला में जितने भी नैशनल हाइवे के साथ लिंक रोड लगते हैं, उन पर स्पीड ब्रेकर बनवाना सुनिश्चित करें ताकि जब व्यक्ति लिंक रोड से नैशनल हाईवे पर वाहन लेकर चढ़ता है तो उसके वाहन की स्पीड कम जाए, जिससे दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा। एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जितने भी नैशनल हाइवों पर अवैध कट हैं, उन्हें तुरंत बंद करवाएं और सड़कों पर साइन बोर्ड, कैट आई, सफेद पट्टी, जैबरा क्रोसिंग, ट्रैफिक लाइट, रिफलेक्टर निरंतर मैनटेन रखें। जिस भी विभाग के लिंक रोड या अन्य रोड़ है उन पर भी सभी प्रकार की सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी सुविधाओं का ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि जहां भी सड़कों पर उतार-चढ़ाव है, उसका भी विशेष ध्यान रखा जाए ताकि कोई दुर्घटना ना हो।

## नेशनल हाइवे के साथ लगते लिंक रोड पर बनवाए जाएं ब्रेकर



जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते डीसी। फोटो:हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ, जींद के एसडीएम राकेश सैनी, सफीदों के एसडीएम मनीष कुमार फौगाट, उचाना के एसडीएम गुलजार मलिक, जुलाना के एसडीएम अजय सिंह, आरटीए गिरीश कुमार, नगराधीश नमिता कुमारी, जीएम रोडवेज राहुल जैन व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### अवहेलना करने वालों के किए जाएं चालान

डीसी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे बिना हैल्मेट, सीट बैल्ट, रॉग साइड व यातयात नियमों की पालना नहीं करने वाले व्यक्तियों का चालान करना सुनिश्चित करें और पुलिस विभाग के अधिकारी ये भी सुनिश्चित करें कि जहां भी दुर्घटना होती है तो उसके कारण की रिपोर्ट क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण कार्यालय में भिजवाएं ताकि मामले को संज्ञान में लिया जा सके। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कहा कि वे जींद-गोहाना रोड पर रैड लाइट लगवाना सुनिश्चित करें ताकि यातायात सुगम हो सके। एनएचएआई के अधिकारियों से कहा कि वे रोहतक रोड बाईपास पर बने चौधरी रणबीर सिंह विवि के पास स्पीड ब्रैकर बनवाएं।

# सीएम फ्लाइंग की बीड़ीपीओ कार्यालय में दस्तक, हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

- सरकारी योजनाओं के कार्यों की प्रगति-हाजिरी रजिस्टर का जांचा

सीएम फ्लाइंग की टीम ने मंगलवार को नगर के बीडीपीओ कार्यालय में दस्तक दी। जिसके बाद पूरे बीडीपीओ कार्यालय में हड़कंप मच गया। टीम की अगुवाई सीएम फ्लाइंग के डीएसपी रविंद्र कुमार कर रहे थे। टीम ने कार्यालय के हाजिरी रजिस्टर जांचते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं के कायार्ं की प्रगति के बारे जानकारी हासिल की। इस कार्रवाई के दौरान खुद बीडीपीओ जींद किसी मीटिंग में जाए हुए बताए गए तथा उनके स्थान पर कोई नरेश कुमार कार्य करता हुआ मिला। वहीं हाजिरी रजिस्टर में कर्मचारियों ने अपनी-अपनी हाजरियां नहीं लगाई हुई थी। टीम ने वहां पर मौजूद कर्मचारियों से पूछा कि गांव में कचरा उठाने की योजना के तहत कितना कार्य हुआ, जिस पर बताया गया कि इस कार्य के लिए अभी तक गांवों में टेंडर नहीं हुए है, जिसके कारण यह योजना सिरे नहीं चढ़ पाई है। स्वामित्व योजना के बारे में पूछने पर बताया कि लाल डोरे की मैपिंग में कोई तकनीकि खराबी चल रही है और इस दिक्कत को दुरूस्त करने के लिए उपायुक्त जींद को लिखा गया है। वहीं अन्य खामी यह भी सामने आई कि 25 गांवों में से करीब 13 गांवों में अभी तक जिम शुरू नहीं हो पाई है। इसका कारण पूछने पर वहां पर मौजूद कर्मचारी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। टीम का नेतृत्व कर रहे सीएम फ्लाइंग के डीएसपी रविंद्र कुमार ने बताया कि बीडीपीओ कार्यालय में खामियों को लेकर उन्हे शिकायत प्राप्त हुई थी।

# साढ़े पांच एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल राख

## आग पर काबू पाने में ग्रामीणों के साथ पुलिस ने भी सहयोग किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

चुहड़पुर लिंक मार्ग पर अलेवा के खेतों में खड़ी गेहूं में मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक आग लग गई। साथ के खेतों में कार्य कर रहे किसानों ने गेहूं की खड़ी फसल में आग लगी देख मामले की सूचना पुलिस व खेत के मालिक किसानों को दी।

सूचना मिलते ही अलेवा थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ व गांव से सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण ट्रैक्टरों व पानी की टंकी लेकर मौके पर पहुंच गए। तेज हवाओं के चलने से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में लगी आग कुछ ही देर में काफी दूर तक फैल गई। किसानों ने आग लगी गेहूं की फसल के चारों और ट्रैक्टर चला कर व पानी की सहायता से लगभग आधे घंटे में बिना फायर बिग्रेड के आग पर काबू पाया जा सका। आग पर काबू पाने में ग्रामीणों के साथ अलेवा थाना पुलिस की टीम ने भी सहयोग किया। ग्रामीणों व किसानों ने बताया कि जब तक आग पर काबू पाया गया, उस समय तक अलेवा की साधन पट्टी निवासी सुरेश की तीन एकड़ में खड़ी गेहूं व बाधू पट्टी निवासी संदीप की अढ़ाई एकड़ खेत में खड़ी गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई है। किसानों ने बताया कि गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने के कारणों का पता नही चल सका है। किसानों ने जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों से मामले में संज्ञान लेकर गेहूं में आग लगने से हुए नुकसान का आंकलन कर मुवाअजे की मांग की है।



अलेवा। खेतों में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से जली गेहूं की फसल।

**समस्या** | गांव सिंघाना में कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जे का मामला

गांव में 1 एकड 6 कनाल 15 मरले जमीन कब्रिस्तान के लिए अलॉट

# बीडीपीओ से मिलने पहुंचे लोग, कब्रिस्तान की जमीन से कब्जे हटवाने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

उपमंडल के गांव सिंघाना में कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जों के कारण मुस्लिम समाज में रोष व्याप्त है। कब्जे खाली करवाने की मांग को लेकर सिंघाना गांव के दीना खान, जोधाराम, सराजुदीन, निजामुदीन, सलीमादीन, सिंदर अली समेत काफी तादाद में मुस्लिम समाज के लोग बीडीपीओ से मिलने पहुंचे लेकिन किसी मीटिंग में गए हुए बताए गए। मुस्लिम समाज के लोगों का कहना था कि वे कई पीढ़ियों से गांव सिंघाना में रह रहे है। उनको गांव में 1 एकड 6 कनाल 15 मरले जमीन कब्रिस्तान के लिए अलॉट की हुई है। मुस्लिम समाज में किसी की मौत होने पर दफनाया जाना होता है लेकिन इस कब्रिस्तान की जगह पर गांव के कुछ व्यक्तियों ने अवैध कब्जे कर लिए है। उन्होंने यहां पर कुड़ा-कर्कट, गौबर व उपलों के कूप लगाए हुए हैं। कब्रिस्तान में जहां पर नजर दौड़ाओं चारों ओर गंदगी फैली हुई है। जिसके कारण पूरा मुस्लिम समाज परेशान है और उन्हे किसी के फौत होने पर शव को दफनाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि अवैध कब्जे हटवाने को लेकर वे एसडीएम व डीसी से मिले थे, जिन्होंने उनकी शिकायत को कार्रवाई के लिए बीडीपीओ को मार्क किया था लेकिन बीडीपीओ ने इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की। इसके अलावा हमें बार-बार विभाग में बुलाकर परेशान किया जा रहा है। इसी दौरान वे सीएम फ्लाइंग के डीएसपी रविंद्र कुमार से मिले। जिस पर डीएसपी ने बताया कि उनके बयान दर्ज करके आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



सफीदों। बीडीपीओ कार्यालय में अपनी समस्या बताते समाज के लोग व कब्रिस्तान की जमीन पर फैली गंदगी व लगाए गए उपलों के कूप। फोटो:हरिभूमि



### कबड्डी में गोल्ड विजेता तमन्ना सम्मानित

**उचाना।** सब जूनियर नेशनल कबड्डी में गोल्ड मेडल जीतने वाली काकड़ोद गांव की बेटी तमन्न पुत्री वीरेंद्र को गांव में सम्मानित किया गया। पीटीआई राजमल सिंह गिल द्वारा कबड्डी खिलाड़ी तमन्न, कोच मंजीत सिंह को देशी घी का पीपा देकर सम्मानित किया। राजमल ने कहा कि कबड्डी हमारा परंपरागत खेलों में शामिल है। सबसे अच्छी बात ये है कि अब बेटियों का रूझान खेलों की तरफ बढ़ रहा है। अभिभावक बेटों की तरह बेटियों को भी खेलों में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करने लगे है। खेलों में हमारा नाम आज बेटे, बेटियां रोशन कर रहे है। जिस खेल में रूचि हो वो खेल खिलाड़ियों को खेलना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### आज स्कूल बसों को दिए जाएंगे फिटनेस पत्र

**जींद।** क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरणसचिव गिरीश कुमार ने बताया कि सभी स्कूल बस संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि परिवहन आयुक्त हरियाणा सरकार द्वारा जिन स्कूल बसों की फिटनैस समाप्त हो चुकी है उनकों विशेष सुविधा प्रदान करते हुए जिला में ही निरीक्षण बोर्ड द्वारा निरीक्षण किया जाएगा।

### कहासुनी के चलते हमला करने पर शिकायत दर्ज

**जींद।** नरवाना के ढाकल रोड पर गली में भैंस नहलाने का विरोध करने पर कुछ लोगों ने दुकानदार पर हमला कर घायल कर दिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सिंसर निवासी रविंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने नरवाना के ढाकल रोड पर दुकान किराये पर ली हुई है। उसके सामने मकान वाला जयपाल पशुओं को गली में नहलाता है।

### करसोला में कबड्डी टीम का चयन 20 और 21 को

**जुलाना।** कबड्डी विकास समिति जींद के प्रधान राकेश सिवाच ने बताया कि जिला जींद सीनियर कबड्डी टीम का चयन 20 व 21 अप्रैल को करसोला गांव में किया जाएगा। 20 अप्रैल को पुरूष वर्ग व 21 को महिला वर्ग का चयन किया जाएगा। जिले की चयनित टीम स्टेट चैंपियनशिप में भाग लेगी।

### ईश्वर भक्ति में सहायक देव पूजा

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट जींद के प्रधान रामनिवास अहिरका ने कहा कि जिस प्रकार औषधियों के सेवन करते रहने से चाहे सभी रोग समूल रूप से नष्ट चाहिए ना हो लेकिन रोगों के बहुत से दुखों को हलका किया जा सकता है। इसी प्रकार देवता उनके तपोबल से उनके साधक के आधे से अधिक दुखों को हलका कर सकते हैं। इससे साधक निष्काम भाव से परमात्मा की भक्ति कर सकता है।

### बृजेंद्र सिंह सबसे मजबूत उम्मीदवार होंगे : सुरेंद्र

**उचाना।** मार्केट कमेटी पूर्व वाइस चेयरमैन एवं कांग्रेस नेता सुरेंद्र गर्ग ने कहा कि हिसार लोकसभा से कांग्रेस पार्टी की तरफ से पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह सबसे सशक्त उम्मीदवार साबित होंगे। निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी हिसार लोकसभा से बृजेंद्र सिंह को ही कांग्रेस का उम्मीदवार घोषित करेंगी। आज जो एनडीए में भगदड़ मची है वो पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के भाजपा से इस्तीफा देने के बाद शुरू हुई है।

### सुनैना चौटाला का उचाना दौरा आज

**उचाना।** इनेलो नेत्री सुनैना चौटाला 17 अप्रैल को हलके के विभिन्न गांवों के दौरे करेंगी। हलकाध्यक्ष सूबे सिंह लोहान ने बताया कि उदयपुर गांव से दौरे की शुरूआत होगी। दुर्जनपुर, नचार खेड़ा, काकड़ोद, सुरबरा, मंगलपुर, डोहाना खेड़ा, झील, घसो कलां, भगवानपुरा, दरोली खेड़ा, उचाना खुर्द, सेढ़ा माजरा, खेड़ी मंसानिया गांव में सुनैना चौटाला पहुंचेंगे। यहां पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत ग्रामीण, कार्यकर्ता करेंगे।

### पशुबाड़े से दो भैंस तथा दो कटड़ी चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** सिरसाखेड़ी में बीती रात चोरों ने दो पशुबाडों के ताले तोड़ कर दो भैंस तथा दो कटडियो को चोरी कर लिया। जुलाना थाना पुलिस ने पशुपालको की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कॉलेज परिसर में लगाए घोसलें

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा पक्षियों के संरक्षण हेतु कॉलेज परिसर में घोसलें लगाए गए और उनके लिए दाना पानी भी रखा गया। इस अवसर पर प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि कॉलेज परिसर में यह पहल अवर्णनीय है। मनुष्य द्वारा वन्य जीवों का समय रहते संरक्षण न किया तो बहुत सारी प्रजाति लुप्त हो जाएंगी।

## चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की

# कन्याओं को भोजन खिलाकर श्रद्धालुओं ने व्रत समाप्त किया

### भोजन कराने के लिए कन्याओं के लिए गली-गली घूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर मंगलवार सुबह श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोजन कराया तथा पूजा अर्चना कर व्रत समाप्त किए। घर में कन्या पूजन के लिए श्रद्धालुओं को गली-गली घूमते हुए देखा गया। कन्याओं को एकत्रित करने के लिए श्रद्धालुओं को भारी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं शहर के विभिन्न मंदिरों में कन्याओं को सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। मान्यता है कि नवरात्र की अष्टमी पर कन्याओं को भोजन कराने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और भक्तों की मन्नतें पूरी करती हैं। यह भी मान्यता है कि जब तक कन्याओं को भोजन न कराया जाए तब तक व्रत सफल नहीं होता। इसी मान्यता के चलते मंगलवार को सुबह श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों पर कन्याओं को भोजन कराया तथा अन्न प्रसाद के रूप में ग्रहण करके व्रत समाप्त किया।



जींद। दुर्गाष्टमी पर कन्या को भोजन करवाते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। दुर्गा अष्टमी पर पूजन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### कंजकों को लाने के लिए घर-घर गए श्रद्धालु

नवरात्र में व्रत रखने वाले श्रद्धालु दुर्गा अष्टमी पर पूजा-अर्चना के लिए कंजकों को लाने के लिए घर-घर घूमते नजर आए। दुर्गा अष्टमी पर व्रत रखने वाले माता के श्रद्धालु कन्याओं को भोज करवाते है। कन्याओं को भोज करवाने के बाद ही व्रत पूरे माने जाते है। रविवार शाम को ही व्रत रखने वाले श्रद्धालु सुबह लड़कियों को ले जाने के लिए घर-घर पहुंच गए थे। सुबह होते ही श्रद्धालु मोटरसाइकिल सहित अन्य साधन लेकर अपने-अपने यहां लड़कियों को लेकर गए। भोज करवाया कर व्रत को पूरा किया। व्रत रखने वाली सोनिया, रूचि, शीला ने बताया कि एक लड़की ने कई-कई जगह पर भोज किया। उनके यहां व्रत पूरा करने के लिए लड़कियों को भोज करवाना था।

### मोतीलाल स्कूल में दुर्गा अष्टमी पर किया कन्या पूजन



**जींद।** मोती लाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में दुर्गा अष्टमी के मौके पर कन्या पूजन किया गया। स्कूल प्राचार्य रविंद्र कुमार के अनुसार विद्यालय में 101 कन्याओं का पूजन किया गया, जो धार्मिक दृष्टि से पावन होता हैं। ये कन्याएं स्वर्गलोक की प्रतीक्षा करती हैं और हम उन्हें माता दुर्गा के रूप में पूजते हैं। विद्यालय में दुर्गा अष्टमी के दिनए सभी छात्र व छात्राएं उत्साह से भरे हुए थे। इस खास अवसर पर विद्यालय के विभिन्न क्षेत्रों में पूजन स्थल सजाए गए और यहां कन्याओं का स्वागत किया गया। पूजा की शुरुआत मां दुर्गा के मंत्रों के साथ हुई फिर छात्रों को कन्याओं के समर्थन में उन्हें सामग्री देने का कार्य किया गया। कन्याओं के समर्थन में उन्हें आध्यात्मिकता के अनुसार पूजा जाता है, जिसमें उन्हें बेटियों के रूप में देवी दुर्गा की पूजा की जाती है। पूजा के बाद सभी कन्याएं ने प्रसाद स्वीकार किया और हर एक कन्या को धन, सम्मान और खुशी का आभास हुआ। प्राचार्य रविंद्र कुमार ने इस अद्भुत परंपरा में विद्यार्थियों को समाज में महिलाओं के साथ सम्मान और समर्थन का महत्व समझाया और कहा कि यह एक सामाजिक संदेश है एजो हम अपने विद्यार्थियों को सिखाना चाहते हैं। समाज में हर व्यक्ति का समान महत्व होता है और हर कोई सम्मान और सहानुभूति के पात्र है। दुर्गा अष्टमी के इस पवित्र दिन को विद्यालय में धार्मिकता, समर्थन और समानता के मूल्यों का प्रतीक माना जाता है।

### कंजकों को भोजन करवा मनाई दुर्गा अष्टमी

उचाना में दुर्गा अष्टमी पर घरों में श्रद्धालुओं द्वारा माता की पूजा-अर्चना की। व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने हलवा, पूरी का प्रसाद बना कर कंजकों को भोजन करवाया। सुबह ही घरों में कंजकों को भोजन करवाने के लिए महिलाएं एक-दूसरे घर के बाहर खड़े होकर कंजकों का इंतजार कर रही थी। दुर्गा अष्टमी होने के चलते स्कूलों का समय भी सुबह दस बजे से दो बजे तक किया गया था। पं. अशोक शर्मा ने कहा कि नवरात्र में माता की पूजा-अर्चना करने वालों, व्रत रखने वालों को विशेष फल मिलता है। नवरात्र में बेटियों की पूजा की जाती है। माता के नौ रूपों की पूजा की जाती है। बेटियों को सम्मान देना चाहिए। बेटियों से ही समाज में रिश्ते-नाते है। धन के लिए मां लक्ष्मी की पूजा करते है। शिव के साथ माता पार्वती, भगवान कृष्ण के साथ राधा, राम के साथ सीता की पूजा करते है।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा जिलाध्यक्ष राजू मोर। फोटो :हरिभूमि

## भाजपा का घोषणा पत्र खुशहाल भारत का आइना : राजू मोर

- सभी वर्गों का रखा गया ख्याल, तीसरी बार फिर बनेगी भारतीय जनता पार्टी की सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भाजपा के जिलाध्यक्ष राजू मोर ने कहा कि भाजपा ने 2024 के लिए अपना संकल्प पत्र जारी किया है। भाजपा सत्ता में आने के बाद इस संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करेगी। घोषणा पत्र खुशहाल भारत ओर उन्नत भारत का आइना है। वर्ष 2019 मे जो वायदा भाजपा ने किया था। उसे न केवल पूरा किया बल्कि देश अग्रणीय देशों में खड़ा कर दिया। तीसरी बार फिर से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनेगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजू मोर मंगलवार को भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर विधायक डा. कृष्ण मिडढा, भीम सैनी, मनीष गोयल, गौरव शर्मा भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्रवाद सवार्ेपरि है। भाजपा सत्ता में आने के बाद संकल्प पत्र में किए गए सभी वादों को एक साथ लेकर आगे बढ़ने का काम करेगी। संकल्प पत्र में हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। इसमें युवाओं, किसानों, महिलाओं, सभी का पूरा ख्याल रखा गया है। विकास के मामले में सड़क, रेल, धर्म और संस्कृति को बराबर का स्थान दिया गया है। समान नागरिक संहिता लागू करना भाजपा के मुख्य एजेंडा में शामिल है। भाजपा द्वारा पिछले चुनाव घोषणा पत्र में दो करोड़ लोगों को हर साल रोजगार देने के फायदे के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने वायदे को पूरा करने की दिशा में हर कदम उठाया है। सरकार ने दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था। सरकार ने पूरे देश में सड़क और रेल को आगे बढ़ने का काम किया है तो उसमें लोगों को रोजगार भी मिला है। सरकारी नौकरियों के मामले में उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने दस साल के शासन में पूर्व के कांग्रेस के दस साल के शासन से कहीं 'यादा लोगों को नौकरियां देने का काम किया है। किसानों की आय दोगुना करने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को उनकी उपज का दाम बढ़ा कर दिया है।

## बच्चों की पढ़ाई हो रही बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नरवाना के राजकीय बॉयज सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के बच्चों के अभिवावक पार्षद आशुतोष और स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान रोशनलाल के साथ एसडीएम से मिलने एसडीएम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्कूल के अंदर पिछले 2 माह से अधिक से सैनिक बटालियन स्कूल के अंदर रुकने के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है।

कमरों में सैनिक रुके है बच्चो के बेंच बाहर पड़े हे। बच्चे गर्मी में बाहर धूप में बैठने को मजबूर हे। शैचालयों की स्थिति खराब हो गई है। वही समय स्कूल में पढ़ाई का हे वही समय सैनिकों के नहाने और खाने का होता है। टंकियों में पानी खत्म हो जाता हे। बहुत से अभिववक बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे व अन्य स्कूल तलाश रहे है। पार्षद आशुतोष ने बताया की उनके वार्ड व शहर के काफी लोगो ने उनको ये समस्या बताई और मैंने भी मौके पर जाकर देखा तो दिक्कत बहुत 'यादा है। इसलिए आज एसडीएम कार्यालय पहुंचे थे। एसडीएम साहब मीटिंग में जींद थे। उनसे दूरभाष से बात की गई और उनके सुप्रीडेंट को ज्ञापन देकर प्रार्थना की गई की सैनिकों को किसी अन्य धर्मशाला या और अच्छी जगह शिफ्ट कर दिया जाए। एसडीएम ने आश्वासन दिया की 18 तारीख तक शिफ्ट कर दिया जाएगा।



नरवाना। ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो :हरिभूमि

### जुलाना में होर्डिंग्स लगाने के लिए स्थान निर्धारित

**जींद।** लोकसभा आम चुनाव के लिए 34.जुलाना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में होंडिंग्र्स लगाने के लिए स्थान निर्धारित कर दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने जानकारी देते हुए बताया कि राजनीतिक दलों द्वारा किए जा रहे प्रचार प्रसार एवं रैली करने के लिए स्थान सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने उपमंडल जुलाना क्षेत्र में प्रचार के लिए पोस्टर, बैनर व होर्डिंग्र्स लगाने के लिए निर्धारित स्थानों की जानकारी देते हुए बताया कि होर्डिंग्ज बैनर व रेली के लिए करेला, राजगढ़, देशखेड़ा, मालवी, लाजवाना खुर्द, अनूपगढ़, शामलो खुर्द, बरारखेड़ा, किनाना, बुवाना, पड़ाना, खिमाखेड़ी, शामलो कलां, बुड्ढाखेड़ा लाठर, अकालगढ़, लिजवाना कलां, किलाजफरगढ़, पौली, हथवाला, गतौली, बुराडैहर, खरेंटी, गढ़वाली, खेड़ा बख्ता, झमोला, करसोला, सिरसाखेड़ी, रामकली, गोसाई खेड़ा, फतेहगढ़, नंदगढ़, ब्राह्मणवास, देवरड़, कमाचखेड़ा, मेहरडा, शादीपुर, ढिगाना, जैजैवंती गांवों की चौपाल व बस स्टैंड के स्थान निर्धारित किए गए हैं।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रिती प्रथम

- अलेवा के राजकीय महाविद्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

अलेवा के राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को एंटी स्मोकिंग सैल के तत्वाधान में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कराया। अध्यक्षता प्रोग्राम की संयोजिका शिक्षिका सुमन खटक ने की। इसमें मुख्य तौर पर प्राचार्य वीना कुमारी ने हिस्सा लिया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्रों के बीच मुकाबले कराए गए। इसमें छात्रा प्रिती प्रथम, साक्षी द्वितीय व तन्नु ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू का नशा युवओं को अंदर से खोखला करता जा रहा है। आज की युवा पीढ़ी तंबाकू के नशे आदि की लत में झकड़ती जा रही है। युवाओं को तंबाकू के प्रचलन से दूर रहकर शिक्षा पर ध्यान देकर अपना भविष्य संवारना चाहिए। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्राचार्या द्वारा स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



अलेवा। राजकीय महाविद्यालय अलेवा में विजेता बच्चों के साथ प्रो. सुमन खटक व अन्य स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि



जींद। निमंत्रण देते संगठन सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### शहर में आज निकाली जाएगी विशाल ध्वजा यात्रा

**जींद।** श्री श्याम प्रचार महिला समिति द्वारा रामनवमी के शुभ अवसर पर बुधवार को शहर में प्रथम विशाल ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी। सैंकड़ों महिलाएं हाथों में ध्वजा लिए जयकारे लगाते हुए यात्रा में शामिल होंगी। इस निशान यात्रा को लेकर शहर में निमंत्रण बांटे जा रहे है। इसी कड़ी में संस्था के पदाधिकारी निमंत्रण देने के लिए अग्रवाल समाज के अध्यक्ष एवं प्रमुख डा. राजकुमार गोयल के रोहतक रोड स्थित प्रतिष्ठान पर पहुंचे और उन्हें 17 अप्रैल की इस विशाल ध्वजा यात्रा का निमंत्रण दिया गया। संस्था की प्रधान ममता बंसल ने बताया कि संस्था की यह पहली निशान यात्रा है जिसमें सैकड़ों महिलाएं भाग लेंगी। यह निशान यात्रा बनखंड महादेव स्थित हनुमान मंदिर से शुरू होगी और शहर के प्रमुख मागोंर् से गुजरती हुई वापसी इसी स्थान पर आकर समाप्त होगी। शोभायात्रा बनखंड महादेव से दोपहर तीन बजे से शुरू होगी जो देवीलाल चौक, अंडरपास, चक्कर रोड, जेसीज चौक, सिटी पुलिस स्टेशन, पालिका बाजार, टाउन हॉल, बैंक रोड, जनता बाजार, इंदिरा बाजार होते हुए देर सायं बनखंड महादेव पहुंचेगी। यहां बनखंड महादेव में निशान यात्रा का समापन किया जाएगा। उधर इस विशाल ध्वजा यात्रा को लेकर समिति की बैठक प्रधान ममता बंसल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

## हवन में श्रद्धालुओं ने डाली आहुति

- निर्मल करें अपने अंतर्मन को मां को यदि पाना है : आचार्य पवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि निर्मल करें अपने अंतर्मन को मां को यदि पाना है। मां के दरबार में महत्व इस बात का नहीं कि व्यक्ति कितना ज्ञानवान है, धनवान है अथवा उसकी समाज में कितनी प्रतिष्ठा है। अपितु महत्व इस बात का है कि उसका अंतःकरण कैसा है, क्योंकि पवित्र अंतःकरण ही वह दर्पण है। जिसमें मां का प्रतिबिंब संपूर्ण दिव्यता से झलकता है।

आचार्य पवन शर्मा नवरात्रों की सप्तमी पर माता वैष्णवी धाम में आयोजित नवार्ण महायज्ञ के अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते अपने वक्तव्य में कहे। विनोद आशरी, अशोक गुलाटी, सुरेश गर्ग लोन वाले, आरपी ग्रोवर, अशोक सिंगला, गुलशन गांधी, मिकिन अरोड़ा व हिमांशु सोनी ने सपरिवार मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना की व महायज्ञ में आहुति दी। जींद के विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने इस अवसर पर उपस्थित होकर मां के पवित्र चरणों में अपनी पुष्पांजलि अर्पित कर मां से जन-जन के लिए सुख-समृद्धि व मंगल की कामना करते हुए अपने संदेश में कहा कि आज की इस विषम परिस्थिति में मां की भक्ति ही एकमात्र जीवन की शक्ति है। आचार्य ने कहा कि मैं और मेरा ये भावनाएं अंतःकरण को बहुत तकलीफ देती हैं।



जींद। मां का गुणगान करते विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा।



जींद। काव्य गोष्ठी में भाग लेते महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### जिस घर ज्योति जले मां की, रोशन हो जाए जीवन

**जींद।** महिला काव्य मंच ने काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी की अध्यक्षता अनीता ने की। काव्य गोष्ठी का विषय नवरात्रि रहा। इस दौरान सभी उपस्थित सदस्यों ने विभिन्न कविताओं व भजनों द्वारा अपनी-अपनी प्रस्तुतियां देकर सबको भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष अनीता शर्मा द्वारा किया गया। गोष्ठी का संचालन सचिव रेखा गुप्ता ने किया। अनीता शर्मा ने सज गए मंदिर देवी के, लगे नए पंडाल, रेखा ने जिस घर 'योति जले माता की, रोशन हो जाए जीवन, आशा ने अन्न, धन, मां की कृपा से बरसे, बरसे ममता का सावन, अनुबाला नेश्न व दुर्गा के दरस की खातिर कर रहे बड़े आयोजन, संजू ने नारी भी मेरा ही स्वरूप, मूरत की करते पूजा, प्रियंका ने घर-घर घटस्थापना देख, मां अंबे हो रही हर्षित नौ दिन, नवरूप लिए, दुर्गा होती शोभित, मीनाक्षी ने क्यूं स्वार्थ में हो कर अंधा तू, कर रहा है घोर पाप, सुदेश ने कर सम्मान, दे दूं वरदान, हो जाऊं गर प्रसन्न, ट्विंकल ने बोझ बढ़े धरती पर जो, फट प्रलय दिखाए वो भी, पूनम ने जिस घर 'योति जले माता की, रोशन हो गए जीवन कविताओं द्वारा सारा वातावरण रंगमय हो गया।

## हिंदू कन्या महाविद्यालय में हुआ उद्यमिता विकास पर व्याख्यान

# अर्थव्यवस्था के विकास के लिए उद्यमियों की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा उद्यमिता विकास विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने की और संचालन शिवानी, कंप्यूटर साइंस की सहायक प्रोफेसर ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व प्रबंधक आकाश एवं बायजुस सिद्धार्थ वंजारी थे। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्यमिता की परिभाषा, विशेषताएं, आवश्यकता, प्रक्रिया, प्रकार तथा उद्यमियों के सामने आने वाले जोखिमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने उद्यमिता विकास की विशेषताओं को समझाते हुए नए बदलाव करने की क्षमता, निर्णय लेने के कौशल और प्रबंधन के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के विकास के लिए उद्यमियों की आवश्यकता होती है और यह रोजगार के अवसर और नवाचार प्रदान करता है। उन्होंने उद्यमिता में वित्तीय जोखिम, व्यक्तिगत जोखिम, करियर जोखिम और मनोवैज्ञानिक जोखिम के बारे में भी बताया। उन्होंने उदाहरण सहित एक उद्यमी और एक प्रबंधक के बीच अंतर को विस्तार से समझाया। बताया कि व्यवसाय करने की प्रक्रिया उसी क्षण से शुरू हो जाती है जब उद्यमी यह सोचना शुरू कर देता है कि वह कौन सा व्यवसाय करना चाहता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मार्केट रिसर्च पर ध्यान देना के बारे में बताया कि बिजनेस करने से पहले मार्केट की रिसर्च करनी होती है, आपको अपने कस्टमर की जरूरत भी देखनी होगी कि किस तरीके से आप अपने कस्टमर की जरूरत को पूरा कर सकें और आप अपने बिजनेस को अच्छे से बढ़ा सकें।



जींद। कार्यशाला में भाग लेते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस कार्यशाला में महाविद्यालय के 38 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में कंप्यूटर साइंस की सहायक प्रो. शिवानी ने सभी को धन्यवाद दिया। प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डा. अंशुल सिंगला एवं प्राचार्य डा. पूनम मोर ने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए कंप्यूटर साइंस विभाग को बधाई दी। इस अवसर पर गणित विभाग की विभागाध्यक्षा अंजू, डा. मोनिका, कीर्ति, निश्चल, विन्नी एवं सुरभि विशेष रूप से उपस्थित रहे।



उचाना। करसिंधु में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता। फोटो :हरिभूमि

### टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिताः करसिंधु, हसनगढ़ में होगा फाइनल

**उचाना।** स्व. राजेश खटकड़ की याद में करसिंधु के खेल स्टेडियम में आयोजित हो रही टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला करसिंधु, हसनगढ़ के बीच होगा। सेमीफाइनल मुकाबले करसिंधु का मटौर के साथ हुआ। करसिंधु के गेंदबाजों ने मटौर की टीम को 76 रनों पर आउट कर दिया। 76 रनों का स्कोर करसिंधु ने 8 ओवरों में हासिल कर लिया। गुरूकुल खेड़ा का मुकाबला हसनगढ़ के साथ हुआ। हसनगढ़ के बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 241 रनों का स्कोर बनाया। गुरूकुल खेड़ा को हरा कर हसनगढ़ फाइनल में पहुंचा। फाइनल में विजेताओं को पुरस्कृत समाज सेवी एवं प्रोपर्टी डीलर एसोसिएशन प्रधान वीरेंद्र करसिंधु करेंगे। विभिन्न जिलों से 24 टीमों के खिलाड़ी प्रतियोगिता में पहुंचे। इस मौके पर सोमबीर, मंदीप, कपिल, संदीप, विनोद, गुरमीत, वेदपाल, काला, बीनू मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



## श्रद्धा भाव से मनाया दुर्गा अष्टमी का पर्व

**सीवन।** सीवन में मां दुर्गा के भक्तों ने श्री दुर्गा अष्टमी का पर्व बड़े ही श्रद्धा भाव से मनाया। भक्तों ने कन्याओं की पूजा की व प्रसाद खिलाकर उपहार आदि दिए। अधिकतर श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन के लिए हलवा, काला चना, पुरी व नारियल का प्रसाद वितरित किया। मां दुर्गा के परम भक्तों संगीत बंसल, सुरेन्द्र सरदाना, अभि मेहता, प्रशांत आनंद, सुरेश सरदाना, दीपिका सरदाना, डा. आभा, शालिनी, अदिति व सिमरन आदि का कहना है कि मां दुर्गा बड़ी ही दयालु है व अपने भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करने वाली है। जो भक्त सच्चे दिल से मां दुर्गा की पूजा करना है उसे मनवाछिंत फल अवश्य मिलता है।

■ कन्याओं की पूजा की व प्रसाद खिलाकर उपहार आदि दिए

### अदानी साइलो में गेहूं में नमी को लेकर किसानों को परेशान करना बंद करें

# किसानों के साथ दुर्व्यवहार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: विक्रम कसाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ढांड

भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना ने बस स्टैंड स्थित कार्यालय मे पत्रकारो से बातचीत करते हुए भाजपा सरकार पर किसान व मजदूर विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अडानी साइलो ढांड मे गेंहू की नमी की मात्रा को लेकर ट्रालियो को रिजेक्ट किया जा रहा है और जब किसान सैम्पल लैब मे बैठे अधिकारी से बातचीत करते है तो उनसे अभद्र व्यवहार करने पर उतारू हो जाते है। किसान कई-कई घंटे लाईन मे खड़ा होकर तुलाई कांटे व सैम्पल लैब पर पहुंचता है तो वहा पर गेहूं मे नमी की मात्रा अधिक बताकर उसे रिजेक्ट कर दिया जाता है। युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट ने कहा कि अगर अडानी साइलो ढांड मे इसी तरह किसानो के साथ दुर्व्यवहार व अभद्रता की गई तो भाकियू चढूनी बर्दाश्त नही करेगी। किसान सम्मानजनक तरीके से अपनी फसल बेचना चाहता है उसे तंग व परेशान ना करे नही तो हमे कठोर कदम उठाने पडेगे। इसके साथ है हम मांग करते है कि गेहूं सैम्पलिग की सुविधा अडानी साइलो के गेट पर ही होनी चाहिए ताकि किसानो का समय बच सके। सरकार की लापरवाही के कारण किसानों की लाखों क्विंटल गेहूं व सरसों मंडियो में खुले में पड़ी है।



**ढांड।** भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

हल्की बारिश व मौसम खराब होने के कारण किसानों की गेहूं व सरसों खराब होने का डर सता रहा है।आगे भी मौसम विभाग द्वारा हरियाणा में बारिश बताई जा रही है। सरकार को 72 घंटे में गेहूं व सरसों की खरीद, उठान व भुगतान के सभी दावे फेल साबित हो रहे हैं।

उन्होने कहा कि कि आज जब गेंहू पककर तैयार है और किसान उसे मंडी में लेकर आ रहा है तो सरकारी एजेंसियाँ नमी का बहाना बनाकर उसकी खरीद करने में गुरेज कर रही है, किसान जाए तो जाएं कहां? भाजपा सरकार का यह तानाशाह रवैया किसान व मजदूर के साथ छल व विश्वासघात कर रहा ।आखिर हर बार भाजपा सरकार किसानों पर ही क्यों हमलावर है? कभी दवाई पर टैक्स लगा देती है, कभी किसान के संसाधनों पर टैक्स का आक्रमण करती है, खाद व बीज के बढ़ते दाम और खाद के कट्टे में वजन की कटौती कर, कभी नमी के नाम पर,कभी मजदूरी के नाम पर, कभी पोर्टल के नाम पर, कभी गेट पास के नाम पर किसानों और मजदूरों को बेवजह और जानबूझकर प्रताड़ित किया जा रहा है, उनके अधिकारों और अरमानों को लूटा जा रहा है। भाकियू चढूनी सरकार से मांग करती है कि किसानों पर दया करें और नमी की मात्रा को 12% से और ज्यादा बढ़ाकर निर्धारित करके गेहूँ की खरीद करें। इस मौके पर युवा ब्लाक प्रधान कृष्ण कौल, ओमप्रकाश चदंलाना, कुडा राम पबनावा, विकास यादव, परमजीत फरल सहित कई किसान उपस्थित थे।




**कैथल।** चालकों को नशा न करने बारे जागरूक करते पुलिस कर्मचारी।

## वाहन चालकों को नशा न करने के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

पुलिस टीम द्वारा आए दिन कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत एचसी सुनील कुमार द्वारा बस स्टैंड, टैक्सी स्टैंड, ऑटो स्टैंड व जाखौली अड्डा कैथल पर वाहन चालको सहित आमजन को नशे के दुष्प्रभावों बारे अवगत करवाया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा आमजन को जानकारी दी गई कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशा करने वाला व्यक्ति खुद के साथ साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर देता है। मनुष्य के लिए नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है और नशे के कारण लाखों युवा जिंदगी खो चुके है और बहुत से परिवार बेघर हो गए है। नशे से शरीर व घर दोनो का नाश होता है। किसी को भी नशा नहीं करना चाहिए। वाहन चालकों को बताया कि नशा करके वाहन चलाना खतरनाक साबित हो सकता है। नशे में वाहन चलाना कई बार बड़े हादसों का कारण बन जाता है। जिससे भारी जान-माल की हानि उठानी पड़ती है। नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे।

## घटता लिंगानुपात समाज के लिए चिंता का विषय है : विनिता पंवार

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

पूंडरी के आंगनवाड़ी सेंटर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी विनिता पंवार ने की। विनीता पंवार ने महिलाओं को बेटा और बेटी में भेदभाव न करने के बारे मे समझाया। उन्होंने कहा कि घटता लिंगानुपात समाज के लिए चिंता का विषय है। कभी भी अकेले बेटे से वंश नहीं चलता है। हमें खुद ये पता नहीं होता कि हमारे चौथी या पांचवीं पीढ़ी के हमारे वंशज का क्या नाम था। इसलिए वंश बेटों से चलता है ये बातें करना मूर्खतापूर्ण है। लिंग अनुपात समान होना जरूरी है। इस दौरान आपकी बेटी हमारी बेटी के सर्टीफिकेट भी दिए गए। दूसरी बेटी के जन्म पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बेटी का जन्मोत्सव मनाया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें सुपरवाइजर निशा शर्मा और सभी आंगनवाड़ी वर्कर, स्कूली छात्राओं समेत महिलाओं ने भाग लिया।



**पूंडरी।** बेटी की मां को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करते हुए परियोजना अधिकारी विनिता पंवार। फोटो : हरिभूमि

## ट्रैफिक नियमों बारे खुद को जागरूक करें और ट्रैफिक नियमों की पालना करें वाहन चालक

**कैथल।** चालान करने के साथ साथ जागरूक किया जा रहा है। पटाखे की आवाज निकालने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट मोटरसाइकिल तथा प्रेशर हॉर्न वाले बाइक चलाने वाले चालकों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस द्वारा विशेष मुहिम चलाते हुए निरंतर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने जानकारी देते हुए बताया कि बुलेट चालक अपने बुलेट बाइक का साइलेंसर चेंज करवा कर पटाखे बजाकर तथा अन्य बाइक चालक प्रेशर हॉर्न लगवा कर दहशत फैलाने का काम करते हैं। ऐसे बाइक चालको पर सख्त एक्शन लेने के लिए एसपी उपासना द्वारा आदेश दिए गए हैं। इसी के तहत ट्रैफिक एसएचओ एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में ट्रैफिक पुलिस द्वारा एसे वाहन चालकों को काबू करके नियमानुसार चालान करके तथा मौके पर मैकेनिक को बुलाकर बाइक के प्रेशर हॉर्न तथा बुलेट बाइक के मॉडिफाई साइलैंसर चेंज करवाए जा रहे हैं। एसपी उपासना ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सभी यातायात नियमों की पालना करें। बाइक साइलेंसर की मार्फत पटाखे की आवाजें निकालने कारण या प्रेशर हॉर्न बजाने कारण कोई अप्रिय दुर्घटना हो सकती है। बाइक चालक अपना साइलेंसर मॉडिफाई न करवाएं तथा प्रेशर हॉर्न का प्रयोग न करें। चालान करने का मुख्य उद्देश्य यही है कि लोग ट्रैफिक नियमों बारें खुद को जागरूक करें और ट्रैफिक नियमों की पालना करें।



## आरकेएसडी कॉलेज के छात्रों ने किया रैलीगियर ब्रोकिंग लिमिटेड का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

आरकेएसडी कॉलेज के बैचलर ऑफ वोकेशनल संकाय के विद्यार्थियों को मोतीलाल ओसवाल , रैलीगियर ब्रोकिंग लिमिटेड का दौरा कराया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को शेयर बाजार के विविध पहलुओं के बारे में जानकारी देना था। शाखा प्रबंधक श्री भारत खुराना और ललित सिंगला जी ने विद्यार्थियों को निवेश, शेयर की खरीद और विक्रय, निफ्टी, सेंसेक्स, डीमैट, खातो की प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा कॉलेज के छात्रों के लिए शेयर बाजार और कम उम्र में वित्तीय रूप से स्वतंत्र बनने के बारे में अपने सुझाव सांझा किए। इस टीम का नेतृत्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अजय शर्मा ने किया। उनके साथ डॉक्टर शशि माटा और 15 विद्यार्थी मौजूद रहे। प्राचार्य डॉक्टर संजय गोयल ने कॉमर्स विभाग को बधाई देते हुए कहा कि कॉलेज के छात्रों को छोटी उम्र में ही शेयर बाजार की बुनियादी ज्ञान को प्राथमिकता देने की जरूरत है, जिससे कि वह जीवन भर सूचित निवेश करने, दूसरों से आगे अवसरों का लाभ उठाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेगा। इस मौके पर डॉ राजबीर पराशर भी मौजूद रहे।



**कैथल।** रैलीगियर ब्रोकिंग लिमिटेड का दौरा करते आरकेएसडी कॉलेज के विद्यार्थी

## नवीन जिंदल को राजौंद में घुसने नहीं दिया जाएगा : काका राणा

**राजौंद।** राजौंद मे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट हटाओ कॉलेज बनाओ समिति का धरना 82वें दिन मंगलवार को भी जारी रहा। समिति के सदस्यों ने बताया कि 17 अप्रैल को आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद संजय सिंह धरना स्थल पर पहुंचेंगे। समिति सदस्यों ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 82 दिनों से धरने पर बैठे शहर के लोगों की सुध नहीं ली। क्योंकि यह सरकार अहंकार में डूबी हुई है। भाजपा सोचती है वह तीसरी बार प्रदेश व देश में सरकार बनाएगी, लेकिन ऐसा नहीं है। समिति प्रधान राकेश राणा ने कहा कि अगर 30 अप्रैल तक सरकार कन्या कॉलेज की मांग को नहीं मानती तो 1 मई को समिति 1000 ट्रैक्टरों की रैली राजौंद के आसपास के 25, 26 गांव से लेकर गुजरेगी और सरकार विरोधी संदेश लोगों तक पहुंचाएगी।

# फर्जी लोन एप से रहें सावधान, बगैर ऋण लिए भी हो जाएंगे कर्जदार: एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

जिला में पुलिस द्वारा विशेष जागरुक अभियान चलाकर लोगों को साइबर अपराधों से बचने हेतु जागरूक किया जा रहा है। जो इसी तहत साइबर अपराध के एक तरीके बारे कैथल पुलिस द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। एसपी उपासना ने बताया कि वर्तमान समय में फर्जी लॉन एप के माध्यम से आसान तरीके से कर्ज मिलने के चक्कर में लोग अपनी जान गवां रहे है क्योकि आजकल आसानी से ऑनलाइन लोन एप के जाल में सैकड़ों लोग फंसे हुए हैं। जो कर्ज मंजूर करते वक्त फर्जी कंपनियां आवेदक का फोन हैक कर लेती हैं और फिर किस्त व ब्याज न देने पर अश्लील फोटो बनाकर बदनाम करने लगते हैं। कर्मचारी आवेदक के रिश्तेदारों, परिचितों और रिश्तेदारों को फोन कर अपशब्दों का भी प्रयोग करते हैं जिस बदनामी के डर से लोगो गलत कदम उठा लेते हैं। ऐसे फर्जी लोन एप से सावधान रहें और डरे नहीं। अगर कोई व्यक्ति आपको ब्लैकमेल करता है तो तुरंत साईबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करें इसके अलावा नजदीकी पुलिस स्टेशन जाकर साइबर हेल्पडेस्क की मदद लें। जब लोन देने वाले ऐप के रिकवरी एजेंट कॉल करते धमकियां देकर ज्यादा पैसे वसूलते हैं और आपके द्वारा पूरी किस्त देने पर भी आप पर कर्ज दिखाती है। फिर 6-7 दिन में लोन पर कर्ज की कुल राशि का दोगुना ब्याना मांगा जाता है। फिर कर्जदाता चुकानें में नाकाम होनें पर उनकी तस्वीरों में फेरबदल करके उनकी आपत्तिजनक बनाकर सार्वजनिक किया जाता है। जिससे डिप्रेशन में आकर कुछ कर्जधारक खुद को नुकसान भी पहुंचाते है।



### साइबर अपराधियों से कैसे बचें

1. सबसे पहले तो लोन देने वाले ऐप या कंपनी के बारे में ये जांच करें कि क्या वह आरबीआई की अनुमति से लोन दे रही है या नही।
2. कोई लोन ऐप किसी बैंक या एनबीएफसी के नाम पर कर्ज बांटने का दावा करता है तो उसे भी संबंधित बैंक या एनबीएफसी से क्रॉस चेक जरूर करें।
3. ऐप आपको जो भी लोन दे रहा है उसकी ब्याज दरें पहले से निर्धारित करा लें और उसका एक एग्रीमेंट भी करा लें, ताकि बाद में आपसे ज्यादा ब्याज की वसूली न हो सके।
4. अगर आपको कोई लोन ऐप चुकाई जाने वाली किस्त, भुगतान की अवधि और भुगतान के तरीके के बारे में पहले से ही स्पष्ट रूप से जानकारी नहीं देती तो ऐसे लोन ऐप से दूर रहने में ही भलाई है।
5. ऐप से लोन लेने से पहले ब्याज दर को लेकर चीजें स्पष्ट की जानी बहुत जरूरी हैं अगर कोई ऐप कह रहा कि वह 4 फीसदी ब्याज पर कर्ज देगा तो यह जरूर पूछें कि ब्याज मासिक लगेगा या सालाना, कुछ ऐप दावा करते हैं कि 4 फीसदी ब्याज पर कर्ज देंगे और बाद में पता चलता है कि ये दर मासिक थी, इस तरह आप पर सालाना 48 फीसदी ब्याज का बोझ आ सकता है।
6. ऐसे लोन ऐप जो प्रोसेसिंग शुल्क के नाम पर ज्यादा पैसे मांगते हों या प्री-पेमेंट अथवा प्री-क्लोजर फीस ज्यादा मांगते हैं, उन पर यकीन न करें।
7. अगर कोई ऐप आपको बैंक खाते की जानकारी, डेबिट-क्रेडिट कार्ड का पिन अथवा ऐसी ही अन्य पर्सनल जानकारियां मांगता है तो उससे भी सावधान रहें।
8. जिस ऐप से आप लोन के लिए अप्लाई कर रहे हैं, उसकी रेटिंग और रिव्यू को भी जरूर देखें।
9. बेहतर होगा कि आप किसी बैंक या एनबीएफसी से जुड़े एप के जरिये ही कर्ज के लिए आवेदन करें। किसी भी प्रकार की वित्तीय या ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवाएं या आपके संबंधित थाने में स्थापित साईबर हेल्प डेस्क पर शिकायत दे।

## पत्रिका हरिप्रभा का चंद्रशेखर सहारण ने किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

जाट महाविद्यालय के सभागार भवन में जाट हाई स्कूल सोसाइटी के तत्वाधान में साझा विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में जाट हाई स्कूल सोसाइटी के कुशल प्रशासक श्री चंद्रशेखर सहारण ने शिरकत की। जाट महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ राजकला सिहाग पूनिया,ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथि गण का स्वागत किया। अन्य अतिथि के रूप में सतबीर मलिक ,डॉ बी आर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज भांबू ,आर के एस डी पी जी कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय गोयल , जाट बीएड महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दिनेश कुमार ढिल्लो,पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी शमशेर सिंह सिरोही, रामपाल पूर्व एक्शन, एडवोकेट जयप्रकाश जागलान, सूरज सहारण, ईश्वर सिंह कादयान , रतन चंदाना, दलबीर सिंह पूनिया, डॉ पूनम लोहान, डॉ इंदु राविश, डॉ नीलम, डॉ सरिता माजरा, डॉ मोनिका जाखड़, डॉ विरेंद्र खटकड़, प्रो सतीश कुमार आदि ने शिरकत की। इस संगोष्ठी में सभी विद्वानों ने विभिन्न विषयों पर विचार सांझे किए, डॉ मनोज भांबू ने अपने व्याख्यान में वर्तमान में हरियाणा एवं युवा पीढ़ी की दशा और दिशा पर विस्तार से बताया। डॉ संजय गोयल ने अपने व्याख्यान में मोबाइल के कारण गिरते मानव मूल्य के बारे में बताया और गिरते मानव मूल्यों को कैसे बचाया जा सकता है। इसके उपाय के बारे में भी विस्तार पूर्वक वर्णन किया। जाट महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ राजकला ने वर्तमान समय में बढ़ते तनाव से मुक्ति कैसे प्राप्त करें इस विषय के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला, इस अवसर पर सभागार भवन में जाट महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका हरिप्रभा 2023-2024का विमोचन किया गया। पत्रिका के मुख्य संपादक डॉक्टर कर्मवीर चहल,उप संपादक प्रो बिंद्र कुमारी ने पत्रिका विमोचन मंडल के विद्वान लोगों का धन्यवाद किया। संपादक डॉ कर्मवीर चहल ने बताया कि गत वर्ष की वार्षिक पत्रिका का शीर्षक नई शिक्षा नीति 2020 एवं रोजगार के अवसर ,यह पत्रिका छात्रों के लिए लाइट हाउस की तरह कार्य करेगी। इस अवसर पर सभागार भवन में डॉ संदीप धालीवाल, प्रो राजपाल चहल, प्रो सुखबीर, प्रो लाभ सिंह चौहान, डॉक्टर सुदेश कुमारी, प्रो प्रमिला, डॉ रेणुका, डॉ सीमा एवं स्टाफ के सभी लोग मौजूद रहे।

■ जाट महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका का विमोचन



**पूंडरी।** सांसद नवीन जिंदल व अशोक गुर्जर का फूलमाला से स्वागत करते सतीश हजवाना। फोटो : हरिभूमि

## कलायत में महाअष्टमी अवसर पर कन्याओं का पुष्प वर्षा के साथ अभिनदंन

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

कलायत में नवरात्री महाअष्टमी अवसर पर घर-घर कन्या पूजन एवं भोज का सिलसिला चला। श्रद्धालुओं ने भारतीय परंपरा का निर्वहन करते हुए कन्याओं को देवी की तरह सम्मान दिया। इसके चलते दिन भर धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही। श्री कपिल मुनि ज्योषि एवं रत्न केंद्र प्रमुख विशाल शांडिल्य ने बताया कि नवरात्री में अष्टमी व नवमीं दो सबसे महत्वपूर्ण दिन हैं। अष्टमी को महागौरी की उपासना की जाती है। इस दिन श्रद्धालु विशेष उपवास भी रखते हैं। इस दिन कन्या पूजन किया जाता है। यह महिला सम्मान का प्रतीक है। गृह प्रवेश पर कन्याओं का पुष्प वर्षा के साथ अभिनदंन किया जाता है। इसके साथ ही उनके पांवों धोएं जाते हैं। उपरांत पांव छुकर आशीष लेते हुए माथे पर अक्षत, फूल और कुमकुम लगाया जाता है।



**कलायत।** कन्याओं को भोजन करवाते श्रद्धालु

## भाजपा मेरे लिए नई पार्टी नहीं, मैं अपने परिवार में वापस आया हूं : नवीन जिंदल

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

भाजपा मेरे लिए नई पार्टी नहीं है। 1996 में हरियाणा विकास पार्टी का भाजपा से समझौता था, इसीलिए उन्होंने भाजपा में आकर अपने परिवार में वापिसी की है। ये शब्द कुरुक्षेत्र लोकसभा से प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद नवीन जिंदल ने आज नई अनाज मंडी पूंडरी में अग्रवाल पंचायत के चेयरमैन एवं अनाज मंडी पूंडरी के 7 बार रह चुके प्रधान सतीश हजवाना द्वारा आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहे। कार्यक्रम में पहुंचने पर सतीश हजवाना ने सांसद नवीन जिंदल का बड़ा ही गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, लोकसभा सह-संयोजक सुभाष हजवाना, विधानसभा संयोजक चौ. तेजवीर सिंह व पूर्व विधायक प्रो. दिनेश कौशिक विशेष रूप से मौजूद रहे। नवीन जिंदल ने अपने भाषण में सबसे पहले सतीश हजवाना का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने तो सोचा था कि कार्यक्रम बहुत छोटा होगा।

**लोकसभा चुनाव** लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें

# चुनाव के दौरान मीडियाकर्मियों को निभानी चाहिए निष्पक्ष भूमिका : प्रशांत पंवार

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि आदर्श आचार संहिता एक समान रूप से सभी लोगों पर लागू होती है, जिसमें समाचार पत्र, टेलीविजन, रेडियो और सोशल मीडिया भी शामिल है। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुसार मीडिया के सभी माध्यमों में चुनाव में एक समानता होनी चाहिए। मीडिया में प्रकाशित या प्रसारित होने वाली खबर, किसी के पक्ष में या किसी के खिलाफ नहीं होनी चाहिए। ऐसी खबरें छापने या चलाने से परहेज करना चाहिए। साथ ही किसी भी खबर को प्रकाशित या प्रसारित करने से पहले उसकी पुष्टि कर लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अखबार, टेलीविजन व रेडियो की तरह सोशल मीडिया पर भी चुनाव के दौरान प्रचार किया जाता है, जिस पर राशि खर्च होती है। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों पर जिला में गठित टीम लोकसभा आम चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर नजर रखेगी और किसी भी तरह का विज्ञापन मिलने पर उसकी रिपोर्ट खर्च के ब्यौरे सहित खर्चा निगरानी टीम को देगी। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में उस विज्ञापन का खर्चा जोड़ दिया जाएगा।






### पांच साल के बाद मिलता है मतदान का मौका: उपायुक्त

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदान करके देश के प्रति अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करें। चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। उन्होंने जिला के मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि मतदान करना उनका अधिकार है। हमारे देश में युवाओं की संख्या अधिक है, इसलिए भारत को युवा देश कहते हैं। इस बात को युवाओं को समझना होगा कि लोकतंत्र में भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत बनता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अगर आप अपनी आवाज को बुलंद रखना चाहते हैं तो लोकतंत्र के पर्व में वोट डालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। वे खुद मतदान करने के साथ साथ अपने आस पास के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करना चाहिए।



# मंडियों में एक लाख 38132 मीट्रिक टन गेहूं की आवक

**ये पहुंचा गेहूं**

10920 मीट्रिक टन, जुलाना में 9755 मिट्रिक टन, अलेवा में 14137 मीट्रिक टन, पिल्लूखेड़ा में 17874 मीट्रिक टन, सफीदों में 27170 मीट्रिक टन, उचाना में 31073 मीट्रिक टन, नरवाना में 10395 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है।

## खबर संक्षेप

### अध्यापकों ने किया डोर-टू-डोर सर्वे

**राजौंद।** राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला सेरहदा के मुख्य शिक्षक महावीर सिंह व सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा डोर टू डोर सर्वे द्वारा ग्राम वासियों को विद्यालय में ज्यादा से ज्यादा नामांकन करवानें के लिए जागरूक किया। स्टाफ सदस्यों ने स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं जैसे मुफ्त पुस्तकें,मुफ्त दाखिला, बच्चों को स्कॉलरशिप, प्रशिक्षित अध्यापक, खुले हवादार कमरे, स्वच्छ व हरा भरा कैंपस,बिजली पानी की उचित व्यवस्था के बारे अवगत करवाया।

### शतचंडी हवन में डाली आहुति

**राजौंद।** राजौंद के बाबा बहादुर बन मंदिर में पिछले सात दिनों से चल रहे शतचंडी यज्ञ पाठ का मंगलवार को पूर्ण आहुति के साथ समापन हो गया। यज्ञ में नगर के सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मंदिर में कन्या पूजन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें साधु समाज से जुड़े संतों व ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। महंत तेज गिरी जी ने बताया कि प्रथम नवरात्रे से मंदिर में 7 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा शत चंडी पाठ आरंभ किया गया था।

### सदकर्मों से जीवन में मिलता है सुख : सुभद्र

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की एसएस जैन सभा में राष्ट्र संत उतर भारत प्रवर्तक गुरूदेव सुभद्र मुनि का जैन स्थानक में पर्दापण हुआ। गुरूदेव सुभद्र मुनि ने कहा कि मानव जीवन श्रेष्ठ जीवन है। सदकर्मों सदपुरूषार्थ करना ही मानवता है। मानव जीवन में प्रेम की भावना अमृत है। इस अमृत से जीवन महान बनता है। परा भी अपने बन जाते हैं। संसार का प्रत्येक प्राणी जीवन में श्रेष्ठ फल चाहता है लेकिन शुभकर्म करना नही चाहता। यदि हम अच्छा फल चाहते हैं तो अच्छे शुभ कर्मों का अर्जन करें।

### रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी एसोसिएशन का चुनाव आज

**जींद।** रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी एसोसिएशन का उचाना ब्लाक का चुनाव 17 अप्रैल को हनुमान मंदिर में होगा। इस चुनाव के प्रचार के लिए 16 अप्रैल को उचाना के गांवों का दौरा किया गया। इसके लिए दो टीमें बनाई गई। एक टीम ने काब्ररछा, सुदकैण कलां, सुदकैण खुर्द, डुमरखां खुर्द, डुमरखां कलां, घसो गांवों का दौरा किया गया।

## उपायुक्त ने देर सायं किया नई अनाजमंडी व अतिरिक्त अनाजमंडी में दौरा

# किसानों को नहीं आनी चाहिए किसी भी प्रकार की कोई भी परेशानी: डीसी

मंडी का दौरा करके खरीद प्रक्रिया संबंधित कार्यों की फीडबैक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रशांत पंवार ने देर सायं नई अनाज मंडी व अतिरिक्त अनाज मंडी का दौरा करके खरीद प्रक्रिया संबंधित कार्यों की फीडबैक ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कहा कि समूचे सीजन में किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। जैसे-जैसे खरीद का कार्य होता है तो उठान का कार्य भी निरंतर होता रहे, ताकि मंडियों में आवागमन प्रभावित नहीं हो।

डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए बिजली, पानी, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं निरंतर ठीक प्रकार से होनी चाहिए। संबंधित एजैंसिया और ट्रांसपोर्टर उठान का कार्य तेजी से करें, ताकि मंडी में अपनी फसल को लेकर आने वाले दूसरे किसानों को जगह और जाम जैसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़े। सभी नोडल अधिकारी निरंतर अपनी-अपनी मंडियों में दौरा करते हुए खरीद प्रप्यि को समूचित चलाएं। अगर किसी भी प्रकार की परेशानी है तो तुरंत उसका निपटान किया जाए। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए की वह गेहूं के आवक व उठान से संबंधित रिपोर्ट रोजाना सुबह उपायुक्त कार्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करें ।इस मौके पर उन्होंने किसानों व आ?तियों से बातचीत करके उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने कहा कि किसी भी किसान को परेशानी नहीं आने दी जाएगी। अगर किसी भी प्रकार की परेशानी है तो तुरंत मार्किट कमेटी के कार्यालय में सूचना दें। उनकी समस्याओं को प्राथमिकताओं के आधार पर दूर किया जाएगा। उन्होंने किसानों से आह्वान भी किया कि तय मापदंड अनुसार तथा दिए गए शेडयूल के अनुसार लेकर आएं, ताकि कोई भी परेशानी नहीं हो। डीएफएससी निशांत राठी, डीएमईओ अभिनव वालिया, बसाउ राम मौजूद रहे।



**कैथल।** अनाज मंडी में रिकार्ड का अवलोकन करते उपायुक्त प्रशांत पंवार।

### 1.49 लाख एमटी गेहूं की खरीद

गत दिवस तक 1 लाख 49 हजार 818 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद गई है। जिला में गेहूं की कुल आवक में से 43 हजार 977 मीट्रिक टन गेहूं खाद्य एंव आपूर्ति विभाग द्वारा, 65 हजार 786 हैफेड द्वारा तथा 40 हजार 55 मीट्रिक टन गेहूं हरियाणा वेयरहाउसिंग कोपोरेशन द्वारा खरीदा गया है।

## मंडियों में फसल को सुखाकर लाएं

*जींद। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने किसानों से अपील की कि वे मंडियों में अपनी फसल को सुखा कर लाएं ताकि आपको फसल बेचने में किसी प्रकार की कोई परेशान ना आए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिये कि वे मंडियों में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधा उपलब्ध रखें ताकि किसानों को मंडियों में फसल बेचने व लाने में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। उन्होंने बताया कि कल देर सांय तक एक लाख 38132 मीट्रिक टन गेहूं की आवक मंडियों में आ चुकी है। उन्होंने बताया कि फुट एजेंसी ने 64790 मीट्रिक टन, हैफैड ने 41552 मीट्रिक टन, एफसीआई ने 224 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाउस ने 31566 मीट्रिक टन गेहूं खरीदी है। उन्होंने बताया कि जींद में 10920 मीट्रिक टन, जुलाना में 9755 मिट्रिक टन, अलेवा में 14137 मीट्रिक टन, पिल्लूखेड़ा में 17874 मीट्रिक टन, सफीदों में 27170 मीट्रिक टन, उचाना में 31073 मीट्रिक टन, नरवाना में 10395 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है।*



### अनाज मंडी मे लगे गेहूं के बैगों व ढेरियों के ढ़ेर

**अलेवा।** अलेवा अनाज मंडी में भले ही जिला प्रशासन द्वारा गेहूं की खरीद के लिए दो सरकारी एजेंसी निर्धारित कर गेहूं की सरकारी खरीद कराई जा रही होए लेकिन सरकारी एजेंसी वेयर हाउस द्वारा मंडी में खरीदे गए गेहूं के बैगों की लिफ्टिंग का कार्य धीमी गति से कराए जाने से गेहूं के बैगों के ढ़ेर लगे हुए है। इससे किसानों व आढ़तियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्केट कमेटी के रिकार्ड के अनुसार मंगलवार तक मंडी में दो लाख पांच हजार क्विंटल गेहूं की फसल किसानों द्वारा बेचने के लिए लाई गई है। इनमें से जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित की गई सरकारी एजेंसी वेयर हाउस द्वारा 62 हजार क्विंटल एक लाख 24 हजार बैग व हैफेड द्वारा 78 हजार क्विंटल एक लाख 56 हजार समेत गेहूं के 2 लाख 80 हजार बैगों की खरीद की गई है। सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड द्वारा मंगलवार शाम तक 60 हजार बैगों का उठान कराया जा चुका है लेकिन सरकारी खरी एजेंसी वेयर हाऊस द्वारा मंगलवार शाम तक दो से तीन हजार बैगों का ही उठान कराया गया है। बैगों का उठान धीमी गति से कराए जाने के कारण आढ़तियों को गेहूं की पफसल को जेसीबी की सहायता से ढ़ेर बनाकर किसानों के लिए फसल डालने की जगह बनाई जा रही है।



**जींद।** पुरानी मंडी में एकत्रित हुए आढ़ती। फोटो :हरिभूमि

# वजन की पर्ची कंप्यूटर युक्त देने की मांग रखी

- आढ़तियों ने कहा : जब तक कंप्यूटर युक्त पर्ची नहीं दी जाएगी तब तक गाड़ी को गोदामों में नहीं उतरवाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

पुरानी मंडी में आढ़तियों ने एकत्रित होकर प्रशासन से गोदामों में जाने वाले गेहूं की लोडिंग गाड़ी के तोल की पर्ची हाथ की बजाए कंप्यूटर युक्त देने की मांग की। उचाना मंडी प्रधान सत्यवान पेगां ने कहा कि जब ऑनलाइन गेट पास कटता है, ऑन लाइन इंट्री होने के साथ-साथ सारा काम ऑनलाइन है तो गोदामों पर भी कंप्यूटर युक्त लोडिंग गाड़ी के तोल की पर्ची दी जाए। यहां पर पर्ची कंप्यूटर युक्त नहीं दी जाती। हाथ से लिखकर गाड़ी के तोल की पर्ची दी जाती है। जब तक कंप्यूटर युक्त पर्ची नहीं दी जाएगी तब तक गाड़ी को गोदामों में नहीं उतरवाएंगे। आढ़ती दलबीर श्योकंद, रामनिवास करसिंधु ने कहा कि मंडी में गेहूं की खरीद के बाद लिफ्टिंग होने के बाद गोदामों में गेहूं के बैग जाते है। वहां पर गेटपास के पीछे हाथ से वजन लिख कर दिया जाता है। यहां पर गोदाम जो वजन तोला का कांटा है वहां कंप्यूटर पर्ची नहीं दी जाती है। आज सरकार फसल पंजीकरण से लेकर गेट पास काटे जाने से लेकर अन्य सभी प्रक्रिया ऑनलाइन कर रही है। मंडी से गेहूं के बैगों की जो गाड़ी लोडिंग होकर गोदामों पर जाती है।



### खरीद के मामले में खाद्य आपूर्ति विभाग नंबर वन पर

गेहूं की आवक निरंतर मंडी, सब यार्ड छातर, परचेज सेंटरों पर बढ़ रही है। खरीद को लेकर पुख्ता प्रबंध प्रशासन द्वारा किए गए है। पीने के पानी, सफाई, बिजली सहित अन्य सभी पुख्ता प्रबंध खरीद को लेकर किए गए है। मार्केट कमेटी सचिव संदीप कासनिया निरंतर मंडी के अलावा परचेज सेंटरों पर जाकर खरीद व्यवस्था का जायजा भी ले रहे है ताकि किसानों, आढ़तियों को परेशानी न हो। खरीद के मामले में खाद्य आपूर्ति विभाग नंबर वन पर है।

### जिला के प्रिंटिंग प्रेस मालिकों को दिए निर्देश

**जींद।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने जिला के प्रिंटिंग प्रेस मालिकों को निर्देश दिए हैं कि वे बिना जांच पड़ताल व नियमों के विरूद्ध जाकर कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित न करें। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान मुद्रक व प्रकाशक के नाम के बिना चुनाव से संबंधित पम्पलेट व पोस्टर आदि छापना जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए का उल्लंघन है और ऐसा करने वाले प्रिंटर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा.188 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को यह भी निर्देश दिए हैं।

# उपायुक्त ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

- कैमरों की प्रणाली को जांचा, डबल लॉक सिस्टम को देखा
- ईवीएम वेयर हाउस में सफाई व्यवस्था को रखें दुरूस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने स्थानीय नवनिर्मित ईवीएम वेयरहाउस नजदीक जिला सचिवालय परिसर में स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया तथा निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने वेयरहाउस के निरीक्षण के दौरान उपस्थित पुलिस गार्द को भी सतर्कता से डयूटी करने को कहा। उन्होंने मौके पर उपस्थित चुनाव नायब तहसीलदार प्रदीप सरोहा से वेयर हाउस में रखें बॉक्स बारे जानकारी ली। उन्होंने वेयरहाउस में लगाए गए सीसी टीवी कैमरों की कार्य प्रणाली को भी जांचा। उन्होंने ईवीएम वेयर हाऊस के निरीक्षण के दौरान डबल लॉक सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, सशस्त्र बल की तैनाती तथा अग्निशमन उपकरणों आदि का निरीक्षण भी किया। उन्होंने चुनाव नायब तहसीदार को निर्देश दिए कि वे ईवीएम वेयर हाउस में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरूस्त रखें और ईवीएम वेयर हाउस में जिस भी अधिकारी एवं कर्मचारी की डयूटी लगाई जाती है उसे अग्निशमन उपकरणों की ट्रैनिंग दिलवाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान आम आदमी पार्टी से एडवोकेट नीरज सैनी, भाजपा से एडवोकेट विवेक शर्मा, कांग्रेस पार्टी से एडवोकेट श्यामलाल गौतम, जेजेपी से संजय गौता मौजूद रहे।



**जींद।** लॉक सिस्टम को जांचते हुए डीसी। फोटो :हरिभूमि



### नवरात्र पर किया कन्या पूजन

*राजौंद। राजौंद में 9 अप्रैल से शुरू पावन नवरात्रे के आठवें दिन मंगलवार को कन्या पूजन किया गया। पिछले सात दिन से उपवास रख मां दुर्गा के पावन चरणों में पूजा अर्चना करने वाले साधकों को कन्या पूजन के लिए कन्याओं को ढुंढने में भारी मशक्कतों का सामना करना पड़ा तथा एक-एक कंजक को कई-कई जगह मां दुर्गा का रूप धारण कर प्रसाद ग्रहण करना पड़ा। प्राचीन काल से मान्यता चली आ रही है कि जो साधक नवरात्रे का व्रत कर अष्टमी के दिन कन्याओं की पूजा कर उन्हें श्रद्धा पूर्वक भोजन करवाते हैं, उन पर मां भगवती अपना पूर्ण हाथ रखती है तथा उनकी पूजा अर्चना व उपवास को सफल बनाती है।*

### आज तक होती रही जुलाना की अनदेखी : मलिक

**जींद।** देव हिंदू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत मलिक ने कहा कि जुलाना में आजतक जितने भी विधायक रहे हैं, उन्होंने जुलाना की पूरी तरह से अनदेखी की है। इसी के कारण आज जुलाना विकास के मामले में पिछड़ा हुआ है। दलजीत मलिक ने कहा कि यदि विधायक जुलाना का विकास चाहते तो जुलाना में कोई औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करवाते, जिसके चलते जुलाना के हजारों युवाओं को इंडस्ट्रीज में काम मिलता लेकिन विधायकों ने जुलाना की कोई सुध नहीं ली। जुलाना में बरसाती पानी निकासी का स्थायी प्रबंध आज तक विधायक नहीं कर पाए। इस कारण हर वर्ष बरसात के बाद जुलाना में किसानों की सैंकड़ों एकड़ फसल में कई फुट पानी भर जाता है। सफाई के नाम पर तो कागजों में लाखों रूपए खर्च कर दिए जाते हैंए लेकिन जमीनी स्तर पर सफाई नहीं होती। विधायकों की अनदेखी के चलते हर साल सैंकड़ों किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। किसान अपने स्तर पर भी बरसाती पानी निकासी के लिए प्रयास करते हैं लेकिन उनकी फसल तब तक खराब हो चुकी होती है। मलिक ने कहा कि जुलाना उनका घर है, इसलिए वे जुलाना की समस्या को भलीभांति समझते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005



पाई में नवोदय विद्यालय में चयन होने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।

# जवाहर नवोदय में चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गांव पाई स्कूल के तीन बच्चों का जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयन होने पर गांव में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गांव सरपंच प्रतिनिधि नरेश पाई ने अध्यक्षता की। राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला पाई के विद्यार्थी नितिन पुत्र राजेश कुमार, आजाद पुत्र सुल्तान सिंह और मन्नत पुत्र बलिंदर सिंह का जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा छठी में प्रवेश के लिए चयन होने पर स्कूल में भी विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर तीनों बच्चों को सम्मानित भी किया गया। सरपंच प्रतिनिधि ने बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्ति के दौरान संस्कार युक्त उच्च नैतिक मूल्यों के महत्व के साथ अच्छी संगति का महत्व समझाया।

**कार्यक्रम** | एमडीएन ग्लोबल स्कूल में ऑटिज्म विषय पर वर्कशॉप

# सामान्य ज्ञान बहुत जरूरी: कंसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल में ऑटिज्म पर जागरूकता लाने के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक डॉ विनोद कुमार और चेयरपर्सन निधि कंसल ने जानकारी देते बताया कि आज बच्चे विभिन्न मानसिक तनाव एवं समस्याओं से जूझ रहे हैं। इस विषय में जागरूकता और सामान्य ज्ञान का होना उनके जीवन को सरल बनाने में सहायक साबित हो सकता है और यही इस वर्कशॉप का उद्देश्य भी है।

मुख्य वक्ता डॉ विनय गुप्ता ने अपने विचार सांझा करते कहा कि अक्सर यह पाया गया है बच्चों की इस समस्या से हम अवगत ही नहीं होते और उन्हें सामान्य बच्चों की भांति सिखाने का प्रयास करते हैं। फलस्वरूप बच्चे इच्छा अनुरूप सीख न पाने के कारण मानसिक तनाव और सामाजिक अलगाव से ग्रस्त होने लगते हैं। अतः यह आवश्यक हो जाता है कि पहले हमें ऑटिज्म के लक्षण के विषय में पुर्ण जानकारी हो ताकि उन्हे अधिक संवेदनशीलता और उचित रणनीति के साथ सिखाया जा सके। ऑटिस्टिक बच्चों को कुछ संवेदना और आधारभूत जानकारी के साथ सामान्य बच्चों की भांति ही सिखाया एवं पढ़ाया जा सकता है। आज आधुनिक युग में विज्ञान ने हर समस्या के लिए व्यवहारिक समाधान उपलब्ध करवाए हैं और शिक्षकों के लिए इन आधुनिक समाधानों से परिचित होना और भी ज्यादा आवश्यक हो जाता है क्योंकि शिक्षक और अभिभावक ही इस विषय से संबंधित जागरूकता को समाज तक पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण जरिया है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ संत कौशिक और मैनेजर गौरव गर्ग ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को प्रकृति ने खास बनाया है परन्तु केवल जागरूकता के अभाव में कुछ बच्चे अपनी क्षमता के अनुसार नहीं विकास कर पाते। ऐसे में यह हमारा कर्तव्य बन जाता है कि एक शिक्षक के तौर पर हम न केवल स्वयं को ऐसे विषयों पर शिक्षित करें अपितु समाज में भी जागरूकता लाने में अपनी भूमिका निभाएं।



**कैथल।** डा. विनय गुप्ता एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल में वर्कशॉप को संबोधित करते हुए